# गोमती नगर विस्तार में फ्लड पम्पिंग स्टेशन बनकर तैयार

## 7.5 करोड़ रुपये की लागत से बना है 400 केएल क्षमता का पम्पिंग स्टेशन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोमती नगर विस्तार में फ्लड पम्पिंग स्टेशन बनकर तैयार हो गया है। 400 केएल क्षमता के इस पम्पिंग स्टेशन से बरसात में जलभराव की समस्या से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने शनिवार को पम्पिंग स्टेशन का निरीक्षण करके मशीनों की टेस्टिंग कराने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी तैयार पूरी रखें, जिससे कि बरसात में पम्पिंग स्टेशन का संचालन प्रभावी रूप से किया जा सके।

एलडीए के मुख्य अभियंता मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-4 में जी-20 रोड के निकट फ्लड पम्पिंग स्टेशन स्थापित किया गया है। इसकी क्षमता 400 किलोलीटर है और इसे बनाने में 7.5 करोड़ रुपए की लागत आयी है। उन्होंने बताया कि स्टेशन में कुल 06 पम्प लगाये गये हैं। प्रत्येक पम्प 60 एचपी का है और एक पम्प प्रति मिनट 13,000 लीटर पानी निकालेगा। पम्पिंग स्टेशन चालू होने से सेक्टर-4 व समीपवर्ती इलाकों में बरसात में होने वाले जलभराव की समस्या से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। पम्पिंग स्टेशन के माध्यम से बरसात का पानी गोमती नदी में प्रवाहित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त एलडीए ने जनेश्वर मिश्र पार्क, कैटिल कालोनी गऊ घाट व बसंतकुंज योजना में राष्ट्र प्रेरणा स्थल के पास भी 400 के0एल0 क्षमता के 03 फ्लड पम्पिंग स्टेशन निर्मित किये हैं।



### रघुकुल पार्क के ठेकेदार पर जुर्माना

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-1 में स्थित सेंट्रल पार्क का निरीक्षण किया। यहां स्थापित ओपन जिम के उपकरणों की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पायी गयी, जिस पर उपाध्यक्ष ने सम्बंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए 15 दिन के अंदर नये उपकरण लगाने के निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने सेक्टर-4 स्थित रघुकुल पार्क का निरीक्षण किया। पार्क में हॉर्टीकल्चर का कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया। इसके अलावा झूले भी क्षतिग्रस्त थे, जिस पर उपाध्यक्ष ने ठेकेदार पर जुमार्ना लगाने के निर्देश दिये हैं।

**गोमती नगर की लाइब्रेरी होगी अपग्रेड :** गोमती नगर के विपुल खण्ड-3 में निर्मित लाइब्रेरी को एलडीए अपग्रेड करेगा। वर्तमान में लाइब्रेरी का संचालन भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद द्वारा किया जा रहा है। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने लाइब्रेरी का निरीक्षण करके सुविधाओं को उच्चीकृत करने के निर्देश दिये। इस मौके पर अधीक्षण अभियंता नवनीत शर्मा, अधिशासी अभियंता मनीष कुलश्रेष्ठ एवं मनोज सागर समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे।

## गोमती नगर विस्तार में कम्यूनिटी सेंटर बनायेगा एलडीए

- सरस्वती अपार्टमेंट के पास बनेगी तीन मंजिला बिल्डिंग
- विधायक ने भूमि पूजन करके की परियोजना की शुरूआत

**लखनऊ।** गोमती नगर विस्तार में रिवर व्यू अपार्टमेंट के आवंटियों के लिए कम्यूनिटी सेंटर बनेगा। एलडीए ने शनिवार को भूमि पूजन के साथ ही इस परियोजना की शुरूआत कर दी है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि यह कम्यूनिटी सेंटर सरस्वती अपार्टमेंट के पास लगभग 2900 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बनाया जाएगा, जिसका पूरा व्यय प्राधिकरण करेगा।

गोमती नगर विस्तार के आवंटियों द्वारा विवाह समारोह आदि आयोजनों के लिए कम्यूनिटी सेंटर बनवाने की मांग की जा रही थी। जिसके दृष्टिगत एलडीए अब यहां कम्यूनिटी सेंटर निर्मित करने जा रहा है। उपाध्यक्ष ने बताया कि यह कम्यूनिटी सेंटर तीन मंजिला होगा। जिसमें कार्यक्रम आयोजित करने के लिए मल्टीपर्पज हॉल व लॉन के साथ ही किचन, डाइनिंग एरिया व कमरे होंगे। इसके अलावा यहां लाइब्रेरी, इन्डोर गेम्स, जिम, योगा सेंटर, कैफे व स्वीमिंग पूल की भी सुविधा होगी। बी0के0टी0 विधानसभा क्षेत्र के विधायक योगेश शुक्ला ने शनिवार को स्थल पर भूमि पूजन करके प्रोजेक्ट की शुरूआत की। कार्यक्रम में गोमती नगर विस्तार स्थित रिवर व्यू अपार्टमेंट्स के आर0डब्ल्यू0ए0 के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में कम्यूनिटी सेंटर बनने से हजारों आवंटियों को इसका लाभ मिलेगा। इस मौके पर एलडीए के अधीक्षण अभियंता नवनीत शर्मा, अधिशासी अभियंता मनीष कुलश्रेष्ठ व सहायक अभियंता राहुल वर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।



## ओवरलोडिंग के विरुद्ध चला अभियान



**लखनऊ।** परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। साथ ही ओवरलोड संचालित माल वाहनों व मानक के विरुद्ध संचालित स्लीपर बसों के विरुद्ध भी प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसके तहत प्रवर्तन दलों द्वारा 7 ओवरलोड माल वाहनों को विभिन्न स्थानों में निरुद्ध किया गया। उक्त के अतिरिक्त 4 वाहनों को कर बकाए के अभियोग में निरुद्ध किया गया है। इसी प्रकार मानक, परमिट शर्तों के विरुद्ध संचालित 4 स्लीपर बसों के चालान किए गए। सड़क सुरक्षा के विभिन्न पैरामीटर्स का उल्लंघन करने वाले 111 चालको का बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग न करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने, एवं गलत दिशा में वाहन चलाता पाया जाने आदि अभियोजन में चालान किया गया। उक्त अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## वाहन से जुड़े मामले निपटाने के लिए लगेगा मेला

**लखनऊ।** परिवहन विभाग की ओर हर जिले में 20 व 21 फरवरी को लगाए जा रहे 'परिवहन मेले' में नागरिकों को एक मुश्त कर व्यवस्था, वाहन पंजीकरण, बकाया कर भुगतान करने समेत कई सुविधाएं मिलेंगी। इसमें लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया व निजी वाहनों को व्यवसायिक वाहन में बदलने की सुविधा के बारे में जानकारी ली जा सकेंगी। साथ ही मौके पर भी इन समस्याओं को सुलझाने में अधिकारी मदद करेंगे। कुछ दिन पहले ही व्यावसायिक वाहनों के लिए भी एक मुस्त कर व्यवस्था (वन टाइम टैक्स) लागू करने का प्रस्ताव कैबिनेट में पास हुआ था। इसके बारे में पूरी जानकारी देने और अव्यावसायिक को व्यावसायिक वाहन में बदलने की सुविधा भी इस मेले में मिलेगी। इस मेले में नागरिकों को कर भुगतान, कर समायोजन, वाहन पंजीकरण, वाहन श्रेणी परिवर्तन और अन्य प्रक्रियाओं को पूरा कराने में मदद मिलेगी। परिवहन आयुक्त किंजल सिंह के मुताबिक परिवहन क्षेत्र में लगातार सुधार किया जा रहा है। एक मुस्त कर व्यवस्था से अब वाहन मालिकों को बार-बार भुगतान की जटिल प्रक्रिया से छुटकारा मिलेगा।

## कब होगी बिजली बिल रिवीजन प्रक्रिया ऑनलाइन

**लखनऊ।** बिजली बिल गड़बड होने पर उपभोक्ता को अब घबराने की जरुरत नही है। उपकेन्द्र के बाबू बिल सुधारने के बाद बाद उसे आनलाईन भी करेगें जिससे उपभोक्ता अपने बिल को भी सही और गलत की पहिचान कर सकता है। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन बिल रीविजन सिस्टम को पूरी तरह ऑनलाइन करने जा रहा है। बिल में गड़बड़ी से संबंधित शिकायतें उपभोक्ता ऑनलाइन करेंगे। जिसके आधार पर उसकी शिकायतों को समाधान होगा। रिवीजन से संबंधित सभी प्रक्रिया के ऑनलाइन होने पर बिल में सुधार के नाम पर उपभोक्ताओं से वसूली करने वालों की दुकानें बंद हो जाएंगी। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन ने यह कदम हाल के दिनों में बिल रिवीजन के नाम पर हुए घोटालों को ध्यान में रखते हुए उठाया है। महोबा और देवरिया में बिल रिवीजन के मामले में घोटाले के मामले हाल ही में सामने आए थे। जिसकी जांच कराई जा रही है। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के पूर्व प्रमुख सचिव ऊर्जा एम. देवराज ने बिल रिवीजन का साफ्टवेयर तैयार कराया था। जिसे जुलाई 2024 से बिजली बिल पूरी तरह से आनलाईन होना था। उपभोक्ता ऑनलाइन प्लेटफार्म पर बिल से संबंधित गड़बड़ी की शिकायत करेगा। जिसके आधार पर संबंधित जिम्मेदार अधिकारी उसकी शिकायत का सही सही निस्तारण करेंगे। निस्तारण एक समय सीमा के अंदर करने की व्यवस्था रहेगी।

## थाने में नहीं है ई-रिक्शा चालक का रिकॉर्ड

**लखनऊ।** ई-रिक्शा चालक को अपनी जानकारी थाने को देने का निर्देश जारी हुआ है लेकिन अभी तक मात्र दर्जन ई-रिक्शा चलक ही अपना जानकारी दिये है ऐसे में अभी भी सैकड़ो की संख्या में गाड़ी मालिक अपना जानकारी नही दे रहे है। ई-रिक्शा पर थाने की रिपोर्ट लगने के बाद यूआर कोड़ लगाने की योजना भी खटाई में पड़ती नजर आ रही है। ऐसे में बीते दिनों ई-रिक्शा चार्ज करते समय ही उसमें आग लग गयी थी। इसके बाद जब पुलिस ने जांच करना शुरु किया तो गाड़ी का कई वर्षो से रजिस्ट्रेशन भी नही था। वहीं दूसरी तरफ ऐसे ई-रिक्शा की फिटनेस जांच के लिए आरटीओ के पास कोई तंत्र नहीं है। इसका फायदा उठाकर ई-रिक्शा चालक दो वर्ष की फिटनेस पर पांच वर्ष से अधिक पुराने ई-रिक्शा सड़क पर दौड़ा रहे हैं। ऐसे ई-रिक्शे पकड़कर बंद करने की योजना भी ठंडे बस्ते में चली गई। एआरटीओं प्रशासन पीके सिंह ने बताया कि ई-रिक्शा का रजिस्ट्रेशन होना है इसके लिए निर्देश भी जारी किया जा चुका है।

# गोमती नगर जनकल्याण महासमिति के वार्षिकोत्सव में रक्षा मंत्री आमंत्रित



**लखनऊ।** गोमती नगर जनकल्याण समिति अपनी 107 समितियों की ओर से विगत 32 वर्षों से जनहित के कार्यों यथा अवस्थापना, पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, जलवायु एवं अन्य जनहित के कार्यों को निस्वार्थ भाव से समर्पित भावना के अनुसार कर रही है। गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति की कार्यपालिका समिति की बैठक नक्षत्र वाटिका, गोमतीनगर में संपन्न हुई।

बैठक में महासमिति के वार्षिकोत्सव में महासमिति के मुख्य संरक्षक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को आमंत्रित कर उनकी उपस्थिति में करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में पूर्व बैठक के एजेंडा की पुष्टि करते हुए. सक्षम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई मशीन दिए जाने के लिए. विशिष्ट विभूतियों को सम्मानित करने, मंच संचालन करने, मंच की व्यवस्था. सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन.स्मारिका के प्रकाशन. महासमिति की बैठकों को संजय निगम सचिव ने कराए जाने, अन्य समितियों के कार्यवाही के लिए अभिनव शुक्ला संगठन मंत्री की ओर से करने, महिलाओं को सैनिटरी पेड दिए जाने, कोषाध्यक्ष की आय व्यय की रिपोर्ट, सभी उपखंड समितियां के जून 2026 तक चुनाव कराने, वार्षिकोत्सव में सभी उपखंड समितियां से कम से कम 100 लोगों के साथ प्रतिभाग करने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया।

रक्षा मंत्री को गोमती नगर में ओपन जिम, सोलर लाइट, सभी रेलवे क्रॉसिंग पर ऊपरगामी सेतु/अंडरपास निर्माण, वीजा सेंटर एवं नई एयर स्ट्रिप को बनाने में सहयोग करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# कथक की मनमोहक प्रस्तुति देख दर्शक मंत्रमुग्ध

## कथक की पाँच दिवसीय कार्यशाला संपन्न, समापन दिवस पर हुईं आकर्षक प्रस्तुतियां

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा पंडित बिरजू महाराज की पावन स्मृति में स्थापित पीठ के अंतर्गत कथक नृत्य की पाँच दिवसीय कार्यशाला भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ के कला मंडपम सभागार में गरिमामय एवं प्रेरणादायक वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस कार्यशाला का उद्देश्य कथक की समृद्ध परंपरा, तकनीकी कौशल, भावाभिव्यक्ति तथा शोधपरक दृष्टि से विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को गहन प्रशिक्षण प्रदान करना रहा।

पाँच दिवसीय कार्यशाला के पाँचवें एवं समापन दिवस के शुभारंभ में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह, वरिष्ठ गुरु पंडित राम मोहन महाराज, विशेषज्ञ पंडित असीम बंधु भट्टाचार्य तथा सहायक आचार्य (कथक) डॉ. रुचि खरे, डॉ. मंजुला पंत एवं अतिथि शिक्षिका डॉ प्रेरणा राणा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर विश्वविद्यालय की सहायक आचार्य नृत्य डॉ रुचि खरे ने पंडित असीम बंधु भट्टाचार्य से कथक नृत्य के तकनीकी पक्षों पर संवाद स्थापित किया जिसका उन्होंने विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन प्रदान करते हुए विद्यार्थियों से संवाद स्थापित किया। विभिन्न ऋतुओं के भावों की प्रस्तुति, शुद्ध नृत्त की संरचनाएँ, लयकारी, आमद, तिहाई, टुकड़े, उठान तथा चक्करों का कुशल प्रशिक्षण दिया, जिसकी प्रस्तुति विद्यार्थियों द्वारा समापन दिवस पर की गई। प्रशिक्षण प्राप्त छात्र-छात्राओं ने भी अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियाँ देकर सीखे गए कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित सभी अतिथियों एवं दर्शकों ने सराहा। उन्होंने नृत्य की सूक्ष्म बारीकियों को व्यावहारिक अभ्यास के माध्यम से स्पष्ट करते हुए कथक की अभिव्यक्ति, सौंदर्यबोध तथा मंचीय प्रभाव को सुदृढ़ करने के उपाय बताए। शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों के साथ संवाद के दौरान उन्होंने कथक के अध्ययन में तकनीकी दक्षता, सौंदर्यात्मक समझ तथा शोधपरक दृष्टिकोण के संतुलित विकास पर विशेष बल दिया। विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित इस पीठ के अंतर्गत वर्ष भर व्याख्यान, संगोष्ठियाँ, कार्यशालाएँ, संगीत-नृत्य प्रस्तुतियाँ एवं शोधपरक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे संगीत शिक्षा, अनुसंधान तथा सामाजिक सहभागिता को नई दिशा प्राप्त होगी। इस अवसर पर कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने आए हुए विशेषज्ञ असीम बंधु भट्टाचार्य का आभार प्रकट करतेभुए बताया कि कथक केवल एक नृत्य शैली नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक चेतना, सौंदर्यबोध एवं आध्यात्मिक अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी समृद्ध परंपरा से जोड़ते हुए उन्हें उत्कृष्टता की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देते हैं।





# शुल्क जमा न करने पर हटायी गयी प्रचार सामग्री

विशेष संवाददाता (vol)

- बकायेदारों से हटाने का पूरा खर्च भी वसूला जायेगा

**लखनऊ।** नगर निगम के प्रचार विभाग ने प्रचार अनुज्ञा शुल्क (लाइसेंस फीस) जमा न करने वाले बड़े बकायदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। लंबे समय से शुल्क बकाया होने के बावजूद संबंधित एजेंसियों द्वारा भुगतान नहीं किए जाने पर निगम प्रशासन ने अभियान चलाकर उनके विज्ञापन पटों पर प्रदर्शित सामग्री को हटाने की कार्यवाही की।

प्रचार विभाग की टीम ने शहर के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि मे. राज एसोसिएट्स, मे. सेनर्जी एड, मे. रिजल्ट एड तथा मे. तसमीदा की ओर से नगर निगम की निर्धारित प्रचार अनुज्ञा शुल्क राशि जमा नहीं की गई थी, जबकि उनके विज्ञापन फ्लेक्सो और होर्डिंग्स सार्वजनिक स्थानों पर प्रदर्शित किए जा रहे थे।



नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर टीम ने मौके पर ही कार्रवाई करते हुए संबंधित विज्ञापन पटों से फ्लेक्सो को हटवा दिया। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में किसी भी प्रकार के विज्ञापन प्रदर्शन के लिए निर्धारित शुल्क का भुगतान अनिवार्य है।

बिना शुल्क जमा किए या अनुमति के विज्ञापन प्रदर्शित करना नियमों के विरुद्ध है और इस पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने एडवर्टाइजर्स से अपील की कि वे शीघ्र ही अपना लाइसेंस शुल्क जमा करें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि निर्धारित समय सीमा में शुल्क जमा नहीं किया गया तो प्रचार सामग्री के साथ-साथ संबंधित होर्डिंग भी हटा दिए जाएंगे। होर्डिंग हटाने में आने वाला पूरा खर्च संबंधित एडवर्टाइजर्स से ही वसूला जाएगा। इसके अतिरिक्त नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।

## सैकड़ों बोतल बंद ब्रांड पानी के नमूने फेल लाइसेंस निलंबित

**लखनऊ।** बोतलबंद पानी के 110 ब्रांड के नमूने जांच में फेल हो गए हैं। खाद्य सुरक्षा एंव औषधि प्रशासन आयुक्त डा. रोशन जैकब ने इन सभी ब्रांड के लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। सभी जिलों को कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त घी के पांच ब्रांड भी अधोमानक पाए गए हैं और इनकी बिक्री, भंडारण और निर्माण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। डा. जैकब ने जिलों को आदेश दिए हैं कि फैक्ट्रियां संचालित न हों। बिक्री और भंडारण भी प्रतिबंधित रहेगा। घी के जिन पांच ब्रांड को असुरक्षित बताते हुए बिक्री पर रोक लगाई गई है, उनमें अविक, सलोना गोल्ड, श्री महेश, श्री रुद्र और डेयरी नाइस शामिल हैं। बोतलबंद पानी की गुणवत्ता की जांच के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाया गया था।

# डॉ. राजेश्वर की योजना आपका विधायक-आपके द्वार बनी प्रेरणा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जनसंवाद से समाधान की भावना को साकार करता हुआ विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का सतत संचालित जनसेवा अभियान आपका विधायक - आपके द्वार निरंतर क्षेत्र में विश्वास, संवेदना और समाधान की नई मिसाल स्थापित कर रहा है। इसी क्रम में हर सप्ताह की भांति सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के दक्षिण प्रथम मंडल अंतर्गत पंडित खेड़ा स्थित सौभाग्य मैरिज हॉल में 156वां जनसुनवाई शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

इस अवसर पर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की टीम द्वारा क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों से आत्मीय संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं अपेक्षाओं को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित विभागों के माध्यम से उनके त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान की प्रक्रिया सुनिश्चित की गयी।



जनसुनवाई शिविर के दौरान आयुष्मान कार्ड, इंटरलॉकिंग, हैंडपंप, मंदिर जीर्णोद्धार, तारा शक्ति सिलाई सेंटर, स्ट्रीट लाइट समेत विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित कुल 20 प्रकरणों पर कार्यवाही प्रारंभ की गई, वहीं 1 वरिष्ठ नागरिक का आयुष्मान कार्ड मौके पर ही बनवाया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत सन आई हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 86 क्षेत्रवासियों का नेत्र परीक्षण किया गया। आवश्यकता के अनुसार विधायक राजेश्वर सिंह के द्वारा सभी जरुरतमंदों को निःशुल्क चश्मे भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

शिक्षा को प्रोत्साहन एवं प्रतिभाओं को सम्मान देने के उद्देश्य से हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पंडित खेड़ा के चार मेधावियों – अद्विक श्रीवास्तव (96%), अभिनव झा (94%), राखी शर्मा (89.33%) तथा श्रृष्टि बाजपेई (70.83%) – को साइकिल, घड़ी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अवगत हो कि डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा अब तक 1700 से अधिक मेधावियों को लैपटॉप, टैबलेट और साइकिल देकर प्रोत्साहित किया जा चुका है।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई–टेन्डिरंग निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबन्धक(इंजी0)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिग) के माध्यम से ''खुली'' निविदा आमंत्रित करते है।
ई–निविदा सूचना सं0:–एनईआर–बीएसबी–2025–146, कार्य का नामः माधोसिंह–प्रयागराज की तरफ मुख्य लाइन के समानान्तर शटिंग नेक सीएसएल 750 मी की व्यवस्था। अनुमानित लागतः ₹1,12,07,656/– बिड सिक्योरिटीः ₹2,06,000.00, निविदा बन्द होने की तिथिः 17.03.2026, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 08 माह।
निविदा सूचना सं:–एनईआर–बीएसबी–2025–146 दिनांक 17.03.2026 को 14.30 बजे तक ऑनलाइन जमा कर सकेगें। पूर्ण विवरण एवं निविदा के प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
मंडल रेल प्रबंधक/(इंजी) वाराणसी
मुजाधि/डब्लू–461
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# यूपी ने की 98.42 प्रतिशत बच्चों के न्यूट्रीशन की मैपिंग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ने मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के तहत महिलाओं और बच्चों की भलाई के कामों में काफी तरक्की की है। इसमें 98.42% से ज्यादा बच्चों को पोषण सेवा के लिए मैप किया गया और 99.97% इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी रिकॉर्ड की गईं।

महिला और बाल विकास मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर प्रदेश 1,89,736 आंगनबाड़ी केंद्र चला रहा है। पोषण अभियान के तहत, उत्तर प्रदेश ने छह साल तक के बच्चों के टारगेट 1,45,62,081 में से 1,43,31,611 बच्चों की मैपिंग सफलतापूर्वक की है। राज्य में 99.97% गर्भवती महिलाएं संस्थागत प्रसव का विकल्प चुन रही हैं। गर्भवती महिलाओं की देखभाल में 40,580 स्वास्थ्य कर्मियों के जरिए 93,65,940 लाभार्थी शामिल हैं।

एक बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेड में यूपी ने एनुअल प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन प्लान 2022-23 के अनुसार सभी 22,290 मिनी आंगनबाड़ी केंद्र को रेगुलर सेंटर में बदल दिया है।




- छह साल तक के 1,43,31,611 बच्चों की मैपिंग संपन्न

इसके अलावा, 23,697 आंगनबाड़ी केंद्र को सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र में अपग्रेड करने की मंजूरी दी गई है, जो शुरूआती बचपन की देखभाल की सुविधाओं में एक बड़ी बढ़ोतरी है। मिशन शक्ति ने 31 अक्टूबर, 2025 तक 2,96,173 महिलाओं की मदद करने वाले वन स्टॉप सेंटर के साथ शानदार नतीजे दिखाए हैं।

राज्य में मंजूर 124 सेंटर के मुकाबले 96 ऑपरेशनल वन स्टॉप सेंटर हैं इनमें से 64 बनी हुई बिल्डिंग में और 26 सरकारी जगहों पर काम कर रहे हैं। महिला हेल्पलाइन एक जरूरी सपोर्ट सिस्टम के तौर पर सामने आई है, जिसने 31 दिसंबर, 2025 तक 9,18,860 महिलाओं की मदद की है। हेल्पलाइन सर्विस को आसान मदद के लिए कॉमन हेल्पलाइन नंबर और इमरजेंसी रिस्पॉन्स सपोर्ट सिस्टम दोनों के साथ जोड़ा गया है।

मिशन वात्सल्य के तहत, राज्य सभी 75 जिलों में 191 चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशन चला रहा है, जो 5,125 लाभार्थियों को इंस्टीट्यूशनल केयर दे रहा है। यह मिशन कमजोर बच्चों और परिवारों को नॉन-इंस्टीट्यूशनल केयर सर्विस भी देता है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ स्कीम सभी 75 जिलों में लागू की जा रही है, जिसमें फिजिकल प्रोग्रेस हेल्थ और फैमिली वेलफेयर सिस्टम के साथ बेहतर जुड़ाव दिखा रही है। महिलाओं के इंफ्रास्ट्रक्चर को बड़ा बढ़ावा देते हुए, राज्य को स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट स्कीम के तहत 4,000 बेड वाले आठ वर्किंग वुमन हॉस्टल के लिए मंजूरी मिल गई है। केंद्र ने इस पहल के लिए ?381.56 करोड़ मंजूर किए हैं, जिसमें से ?251.83 करोड़ राज्य को पहले ही जारी किए जा चुके हैं।

सामर्थ्य कंपोनेंट के तहत, 10 नए शक्ति सदन बनाए जा रहे हैं, जिनमें से चार को 2025-26 के लिए प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड की बैठक में मंजूरी मिल गई है। इसके अलावा, आठ सखी निवास अभी काम कर रहे हैं, जिनमें से तीन नए को मौजूदा वित्त वर्ष के लिए मंजूरी मिली है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पूरे राज्य में असरदार तरीके से लागू की जा रही है, हालांकि दो फरवरी, 2026 तक के समय के लिए खास लाभार्थियों के आंकड़े इकट्ठा किए जा रहे हैं। सभी 75 जिलों में महिला और बाल विकास ऑफिस शत-प्रतिशत संचालित हैं। केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि ढांचागत और सेवा व्यवस्था को मजबूत करने पर राज्य के फोकस से स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में काफी सुधार हुआ है, जिसमें समाज के सबसे कमजोर तबके तक पहुंचने पर खास जोर दिया गया है।

## राज्य विद्युत उत्पादन स्टेशनों के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार मिला

**लखनऊ।** राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की अनपरा ताप विद्युत परियोजना (2630 मेगावॉट) को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 'राज्य विद्युत उत्पादन स्टेशनों के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार' दिया गया है। यह सम्मान छत्तीसगढ़ के रायपुर में एनटीपीसी कॉरपोरेट ऑपरेशन सर्विसेज द्वारा आयोजित 'भारतीय विद्युत स्टेशन 2026' संचालन व अनुरक्षण सम्मेलन में दिया गया। संगठन ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि अनपरा 'ई' और ओबरा 'डी' परियोजनाएं पूरी तरह से उत्पादन निगम के स्वामित्व में ही आवंटित की जाएं। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि यह सम्मान सरकारी क्षेत्र में विद्युत उत्पादन परियोजनाओं की दक्षता, क्षमता और प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त, उत्तर प्रदेश
कुप्रशासन
प्रदेश को भ्रष्टाचार/कुप्रशासन मुक्त बनाने हेतु जनता से अपील
भ्रष्टाचार
उत्तर प्रदेश राज्य के समस्त लोक सेवक यथा माननीय मंत्रीगण/विधायकगण, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत के अध्यक्ष व अन्य अधिकारी, जिला पंचायत/क्षेत्र पंचायत तथा अन्य पंचायत के अध्यक्ष/अन्य अधिकारी तथा उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा वित्त पोषित समस्त इकाईयाँ/संस्थान/प्राधिकरण, सोसाइटियों व परिषदों आदि से संबधित भ्रष्टाचार/कदाचार/कुप्रशासन तथा सेवानिवृत्तिक देयकों से संबंधित शिकायतों की जॉच हेतु निम्न पते पर सम्पर्क करें–
पताः– टी0सी0–46/वी–1, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010 अथवा पोस्ट बाक्स नम्बर–172, जी0पी0ओ0, लखनऊ, फैक्स नं0– (0522) 2306647
फोन नं0: (0522) 2306717, 2306160 (पी0बी0 एक्स),
Web site - www.lokayukta.up.nic.in, E-mail :- lokayukta@hotmail.com
सचिव, लोक आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ

